**To,**
**Listing Department**
**Bombay Stock Exchange Limited**
**Floor 1, Phiroze Jeejeeboy Towers**
**Dalal Street**
**Mumbai-400 001**

**Dated: 05th September, 2026**

**Ref: SEA TV NETWORK LIMITED  Scrip Code: 533268  Security ID: SEA TV**

**<u>Sub: Newspaper Publication of Post-dispatch Notice of the 22nd Annual General Meeting of the Company</u>**

Dear Sir/ Ma'am,

Pursuant to the provisions of Regulation 30 and 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015 and in compliance with Section 108 of the Companies Act, 2013 read with rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 and the Secretarial Standard on General Meetings (SS-2) issued by the Institute of Company Secretaries of India, please find enclosed herewith the copies of Newspaper Advertisement published in "The Financial Express" and in "Hindustan", regarding post-dispatch Notice of 22nd Annual General Meeting of the Company scheduled to be held on Monday, September 28, 2026 at 10:00 AM through Video Conferencing or Other Audio-Visual Means (OAVM) for the financial year 2025-26 and information regarding Book Closure, Cut-off Date and E-Voting in respect of the said AGM.

Copies of the said advertisements are also available on the website of the Company at https://www.seatvnetwork.com/investor.php

We request you to take the same on your records.

Thanks & Regards

Yours faithfully,

**For SEA TV NETWORK LIMITED**

AMAN KHANDELWAL
Digitally signed by AMAN KHANDELWAL
DN: c=IN, o=Personal, postalCode=282004, l=Agra, st=Uttar Pradesh, street=House Number6286 belanganj, Belan Ganj, Kiraoli Uttar Pradesh India 282004 Rani wala ghera, title=9325, pseudonym=6cbb3f4ed6c5ceb, 2.5.4.20=f83c00ddba3a116a9a9ba8ef9a8051cf7407b16feb538ee4409f820ad492e246, serialNumber=4cc0168f0cbb906913aab81f19e0e3e06cd818a22f10a256c5bfc05fc62989e3, email=csamankhandelwal@gmail.com, cn=AMAN KHANDELWAL
Date: 2026.09.05 14:47:17 +05'30'

**AMAN KHANDELWAL**
**(Company Secretary & Compliance officer)**

**<u>Encl: As Above</u>**

Sea TV Network Limited
148, Manas Nagar,
Shahganj, Agra-282010
Tel : + 91-562-4036666, 2512122
Fax : + 91-562-2511070
CIN : L61104UP2004PLC028650
e-mail:admin@seatvnetwork.com
www.seatvnetwork.com

# रेत पर नाम लिखने से क्या फायदा, एक आई लहर कुछ बचेगा नहीं...

**आगरा, हिन्दुस्तान संवाद।** कमिश्नरेट की सेवा, सुरक्षा और संवेदना के संकल्प को भगवान श्रीकृष्ण नई ऊर्जा देकर गए। कान्हा के जन्म की खुशियों को सातवें आसमान तक पहुंचाने का काम शब्द साधकों ने किया। रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित कवि सम्मेलन में देश के प्रख्यात कवियों ने प्रभु के अस्तित्व के आकर्षण, कृतित्व की कशिश और व्यक्तित्व की विराटता को शब्द शक्ति दी।

हाथरस के सिकंदराराऊ से आए देश के प्रख्यात कवि डॉ. विष्णु सक्सेना ने अपनी कविता 'रेत पर नाम लिखने से क्या फायदा, एक आई लहर कुछ बचेगा नहीं। तुमने पत्थर का दिल हमको कह तो दिया, पत्थरों पर लिखोगे मिटेगा नहीं' सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने 'जो हाथ थाम लो वो फिर न छूटने पाए, प्यार की दौलतें कोई न लूटने पाए। जब भी छू लो बुलंदियां तो ध्यान रखना, जमीं से पांव का रिश्ता न टूटने पाए' सुनाकर भी खूब तालियां बटोरीं।





शुक्रवार को पुलिस लाइन में जन्माष्टमी पर आयोजित कवि सम्मेलन में काव्य प्रस्तुति देते देश के प्रख्यात कवि नीलोत्पल मृणाल (बाएं)। आयोजन के दौरान परिवार के साथ उपस्थित पुलिस आयुक्त दीपक कुमार व अन्य। • हिन्दुस्तान

कवि नीलोत्पल मृणाल ने 'हम मिट्टी के लोग हैं बाबू, मिट्टी ही सदा उड़ाएंगे। मिट्टी के बने, मिट्टी में सने, फिर मिट्टी के हो जाएंगे' सुनाकर कवि सम्मेलन में नई ऊर्जा भर दी।

ताजनगरी की कवयित्री डॉ. रुचि चतुर्वेदी की कविता 'ब्रज की रज माधुरी ने कहा, भ्रमर से पांखुरी ने कहा, अपनी राधा को आवाज दो, कृष्ण से बांसुरी ने कहा' सुनते ही पूरा माहौल कृष्णमय हो गया। मथुरा से पधारे कवि मनवीर मधुर की कविता 'धरा रसराज की है, रस यहां कण-कण में भरता है। यहां पर प्रेम, भाषा और बोली में निखरता है' ने श्रोताओं की आस्था को और मजबूत किया। प्रयागराज से आए कवि विनम्र सेन की कविता 'कन्हैया मिला है तुमसे ज्ञान, जीवन का वरदान तुम्ही से, मिला है तुमसे ज्ञान' को भी श्रोताओं ने खूब सराहा।

इससे पहले कवि सम्मेलन का शुभारंभ प्रदेश के कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने किया। कार्यक्रम समन्वयक डीजीसी रेवेन्यू अशोक चौबे ने अतिथियों का धन्यवाद दिया। इस दौरान डीसीपी सिटी सैय्यद अली अब्बास सहित पुलिस के आला अधिकारी मौजूद रहे।

**भीगते हुए पहुंचे :** कवि सम्मेलन शुरू होने से शुरू हुए तेज बारिश भी कविता के दीवानों के कदम नहीं रोक सकी। रिजर्व पुलिस लाइन के हॉल में कई श्रोता भीगते हुए कविताएं सुनने पहुंचे। कवि सम्मेलन शुरू होने के आधा घंटे बाद श्रोताओं से हॉल खचाखच भर गया। करीब तीन घंटे तक चले कवि सम्मेलन में युवा श्रोताओं की संख्या भी खूब थी।

## शहर 30s

### सड़क पर गड्ढों से हादसों का खतरा

**आगरा।** शहर की कई प्रमुख सड़कों पर जगह-जगह बने गड्ढे राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। बारिश के बाद इन गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता। इससे दोपहिया वाहन चालक अक्सर संतुलन खो देते हैं। रात के समय समस्या और गंभीर हो जाती है। कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइट भी खराब हैं। अनिल कुमार निवासी खतैना का कहना है कि सड़क मरम्मत के लिए कई बार शिकायत की जा चुकी है। इसके बावजूद स्थायी समाधान नहीं हुआ।

### गलियों में कूड़े के ढेर, लोग परेशान

**आगरा।** शहर के कई मोहल्लों में नियमित कूड़ा उठान नहीं होने से गलियों और खाली प्लॉटों में कचरे के ढेर लगे हैं। सड़क किनारे कूड़ा जमा होने से लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है। बारिश में कचरा सड़ने से दुर्गंध फैल रही है। आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी के साथ संक्रमण का खतरा भी बना हुआ है। गौतम नगर निवासी रमेश, मनवीर और राधा का कहना है कि सफाई कर्मचारी कई-कई दिनों तक नजर नहीं आते। कूड़ेदान भी पर्याप्त संख्या में नहीं हैं।

### नालियां हुई चोक, बारिश में जलभराव

**आगरा।** शहर के कई इलाकों में नालियां चोक होने से बारिश का पानी सड़कों पर भर रहा है। नालियों में गंदगी और सिल्ट जमा होने के कारण पानी की निकासी बाधित है। कई मोहल्लों में घरों के सामने घंटों पानी जमा रहता है। इससे लोगों को पैदल निकलने में परेशानी होती है। दुकानदारों का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश से पहले नालियों की सफाई ठीक से नहीं कराई गई। शिकायत पर भी समस्या बनी हुई है। संजू बंसल और मुकेश कुमार ने नालियों की सफाई की मांग की है।

### पानी की कम सप्लाई से बढ़ गई परेशानी

**आगरा।** शहर के कई इलाकों में कम दबाव से पानी की आपूर्ति होने के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। सुबह कुछ समय ही पानी आने से परिवारों को जरूरत के मुताबिक पानी भरने में दिक्कत होती है। ऊपरी मंजिल पर रहने वाले लोगों की समस्या और गंभीर है। कई परिवारों को रोजमर्रा की जरूरत पूरी करने के लिए बाजार से पानी खरीदना पड़ रहा है। लोगों ने जल संस्थान से आपूर्ति का समय बढ़ाने और पर्याप्त दबाव से पानी उपलब्ध कराने की मांग की है।

### मेट्रो बैरिकेडिंग से फंस रहा ट्रैफिक

**आगरा।** रामबाग चौराहा पिछले कई महीने से मेट्रो की लापरवाही को झेलने को मजबूर है। चौराहे पर सब्जी मंडी की ओर जाने वाले मार्ग पर कई माह पूर्व ही पिलर बनाने के लिए बेरिकेडिंग लगाकर आधी से ज्यादा सड़क घेर कर छोड़ी दी गई। जबकि यहां पर काम कछुआ गति से चल रहा है। स्थानीय विवेक शुक्ला, मनोहर लाल ने यहां का काम जल्द पूरा कर बेरिकेडिंग हटाए जाने की मांग की है।

बच्चे के पैदा होते ही 'न्यू बोर्न स्क्रीनिंग टेस्ट' से सुनने-बोलने की क्षमता जानना जरूरी, जितना जल्द संभव हो कराना चाहिए इलाज

# एक हजार में तीन बच्चों को सुनने-बोलने की समस्या

**सीजीकान-2026**

**आगरा, प्रमुख संवाददाता।** हर एक हजार में से औसतन 3 बच्चे बोलने और सुनने की समस्या से ग्रसित हैं। इन्हें काक्लियर इंप्लांट की जरूरत पड़ती है। इसलिए जन्म के समय ही शिशुओं की जांच करा लेना सबसे बेहतर रहता है। जितना जल्दी संभव हो, इलाज करा लेना चाहिए।

मुंबई की वरिष्ठ ईएनटी सर्जन पद्मश्री डा.मिलिंद कीर्तने ने यह जानकारी फतेहाबाद रोड स्थित होटल में चल रही सीजीकान-2026 के दौरान दी। कांफ्रेंस के दूसरे दिन विशेष व्याख्यान में डा.कीर्तने ने कहा कि बेहतर भविष्य के लिए बच्चों का शिक्षित होना बेहद जरूरी है। इसके लिए अच्छा सुनना और बोलना बड़ी जरूरत है। इसलिए अभिभावकों को जागरूक होकर बच्चे के पैदा होने के तुरंत बाद 'न्यू बोर्न स्क्रीनिंग टेस्ट' जरूर कराना चाहिए।



डा.मिलिंद कीर्तने ।

- फतेहाबाद रोड स्थित होटल में ईएनटी की सीजीकान-2026 के दूसरे दिन हुए व्याख्यान

इसके जरिए बच्चे की बोलने और सुनने की क्षमता का पता लगता है। जरूरत होने पर उसका तत्काल इलाज और काक्लियर इंप्लांट कराएं। इंप्लांट के लिए अब केंद्र और राज्य सरकारें भी मदद कर रही हैं। उन्होंने सर्जरी के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

करीब 20 स्टालों पर उपकरणों को प्रदर्शित किया गया। आयोजन अध्यक्ष डा.राजीव पचौरी, सचिव डा.मीनाक्षी बढ़ेरा, कोषाध्यक्ष डा.गौरव खंडेलवाल ने बताया कि चार दिनी कांफ्रेंस के दूसरे दिन कई सत्रों में व्याख्यान हुए। इनमें यूनाइटेड किंगडम के डा.माइकल ग्लुथ, यूएसए की डा.स्वेतलाना बर्नोस, चेन्नई के डा.मोहन कामेश्वरन जैसे दिग्गज शामिल रहे। पैनल चर्चा में नए इलाज, सर्जरी के अनुभव साझा किए गए। कांफ्रेंस का विधिवत उद्घाटन शनिवार को केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल करेंगे।

### तीन साल से पहले ही कराएं सर्जरी



काक्लियर इंप्लांट में अगर बेहतर नतीजे चाहिए तो बच्चे की सर्जरी तीन साल के अंदर कराना जरूरी है। जितना देरी करते जाएंगे नतीजे उतने अच्छे नहीं आएंगे। मैंने आगरा के पहले बच्चे की काक्लियर इंप्लांट सर्जरी की थी। इसमें डा.राजीव पचौरी ने सहयोग किया था। आज बच्चा युवा है और सामान्य जीवन व्यतीत कर रहा है।

– डा.नीलम वैद्य, पुणे।

### अब बुजुर्गों का भी काक्लियर इंप्लांट



काक्लियर इंप्लांट अब सिर्फ बच्चों की विशेष सर्जरी नहीं रह गई है। यह हर उम्र के लिए फायदेमंद साबित हो रही है। बच्चों के अलावा अब जरूरतमंद लोगों और बुजुर्गों की सर्जरी भी की जा रही है। इससे उनके सुनने की क्षमता को बढ़ाया जा सकता है। आम तौर पर यह समस्या 60 साल के बाद सामान्य रूप से देखने में आती है।

– डा.सुनील दत्त, बेंगलुरू।

### उत्तर भारत में भी खूब हो रही सर्जरी



इस मामले में अभी तक दक्षिण भारत में जागरूकता का स्तर अधिक था। वहां सर्जरी अधिक हो रही थीं। लेकिन खुशी है कि अब उत्तर भारत में भी लोग पहले से ज्यादा जागरूक हो रहे हैं। विशेषज्ञों से सलाह ले रहे हैं। अगर उनके बच्चों की सुनने और बोलने की क्षमता कम है तो काक्लियर इंप्लांट सर्जरी कराकर बढ़ा रहे हैं।

– पद्मश्री डा.मोहन कामेश्वरन, चेन्नई

### फुटपाथ पर कब्जा, पैदल चलना मुश्किल

**आगरा।** शहर के प्रमुख बाजारों में फुटपाथ पर दुकानदारों और ठेले वालों के कब्जे के कारण पैदल राहगीरों की परेशानी बढ़ गई है।

फुटपाथ खाली नहीं होने से लोगों को सड़क पर चलना पड़ता है। इससे वाहनों के बीच दुर्घटना का खतरा बना रहता है। बाजारों में दिनभर जाम की स्थिति भी बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम की ओर से कई बार अतिक्रमण हटाने के अभियान चलाए गए हैं। अभियान खत्म होते ही फुटपाथ पर दोबारा कब्जा हो जाता है। लोगों ने नगर निगम और पुलिस से नियमित कार्रवाई कर फुटपाथ खाली कराने की मांग की है।

# सूर सरोवर में ईको-टूरिज्म बढ़ाने पर दें जोर : प्रमुख सचिव

**रुनकता/आगरा, हिन्दुस्तान टीम।** रामरसर साइट सूर सरोवर पक्षी विहार (कीठम) में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की प्रमुख सचिव वी हेकाली झिमोमी निरीक्षण को पहुंची। यहां उन्होंने सर्वप्रथम प्राकृतिक नेस्टिंग स्थलों का जायजा लेकर क्षेत्र की जैव विविधता और वन्यजीव संरक्षण की व्यवस्थाओं की जानकारी जुटाई। इसके साथ ही सेंचुरी में ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने और पर्यटकों के लिए सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए हैं।

- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन की प्रमुख सचिव ने कीठम का किया निरीक्षण
- सेंचुरी में प्राकृतिक नेस्टिंग स्थलों और भालू संरक्षण केंद्र की व्यवस्थाएं भी देखीं

सुबह करीब 10.30 बजे उनका काफिला सूर सरोवर पक्षी विहार पहुंच गया। उन्होंने नेस्टिंग स्थलों का निरीक्षण किया। वन विभाग के अधिकारियों से सेंचुरी की सुरक्षा को लेकर सवाल-जवाब किए। वे परिसर के अंदर बने भालू संरक्षण केंद्र पहुंची। यहां भालुओं के उपचार और देखभाल लिए की जा रहीं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने संरक्षण गतिविधियों को और प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक कमद उठाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे सेंचुरी में ईको-टूरिज्म बढ़ाने पर जोर दें। पर्यटकों के लिए बुनयादी सुविधा को विकसित करें। सेंचुरी में विकास कार्य के साथ पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता का संतुलन बनाए रखें। उन्होंने सतत पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने को कहा है। इस मौके पर उप वन संरक्षक, राष्ट्रीय चंबल सेंचुरी एवं प्रभागीय निदेशक आगरा राजेश कुमार, नव-नियुक्त आईएफएस अधिकारी अभिषेक इनामदार, क्षेत्रीय वनाधिकारी सूर सरोवर पक्षी विहार अंकित यादव, भालू संरक्षण केंद्र के डॉ. वेजुराज, वन दरोगा शुभराज सिंह आदि मौजूद रहे।



प्रमुख सचिव वन एवं जलवायु हेकाली झिमोमी ने सूरसरोवर का निरीक्षण किया।

### वन्य जीवों पर नहीं पड़े कोई असर

उन्होंने बताया कि सेंचुरी क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों का विकास इस प्रकार किया जाए कि प्राकृतिक संसाधनों और वन्यजीवों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। संरक्षण और पर्यटन के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है।

# मोर्चों में पद को शुरू हो गया जोड़-तोड़

**आगरा, प्रमुख संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी संगठन में राजनीतिक सरगर्मी काफी तेज हो गई है। पार्टी ने गुरुवार को ही में ब्रज क्षेत्र की नई कार्यसमिति का ऐलान किया है, जिससे राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। इस घोषणा के बाद जहां एक तरफ पार्टी संगठन में नए समीकरण उभरकर सामने आए हैं। वहीं दूसरी तरफ लंबे समय से अहम पदों की आस लगाए बैठे कई पुराने कार्यकर्ताओं और नेताओं में मायूसी साफ देखी जा रही है। संगठन ने जातिगत समीकरण साधने के साथ नए चेहरों पर दांव लगाया है। अब क्षेत्रीय और जिला स्तर पर बनने वाले मोर्चों में जगह पाने के लिए रस्साकसी और तेज हो गई है।

- भाजपा की क्षेत्रीय कमेटियां घोषित होने के बाद नए समीकरण सामने आए

ब्रज क्षेत्र की इस नई कार्यसमिति में कुल 37 कार्यकर्ताओं को स्थान मिला है, जिसमें आगरा जिले से लगभग 10 कार्यकर्ताओं को जगह दी गई है। हालांकि, संख्या भले ही ठीकठाक लग रही हो, लेकिन इस सूची के सामने आने के बाद कई दावेदारों के होश उड़ गए हैं। पार्टी ने कई अनुभवी और पुराने पदाधिकारियों को दरकिनार करते हुए नए चेहरों को प्राथमिकता दी है। इस उलटफेर के बाद अब सारा ध्यान भाजपा के आगामी सात प्रमुख मोर्चों (युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा आदि) के संयोजनों पर टिक गया है। मोर्चों में अपनी जगह पक्की करने के लिए स्थानीय नेताओं ने अभी से जोड़-तोड़ और पैरवी तेज कर दी है। जिला और महानगर मोर्चों के पदों पर समायोजन के लिए नेताओं की लखनऊ और दिल्ली तक दौड़ शुरू हो चुकी है, क्योंकि संगठनात्मक ढांचे में जगह पाने के लिए इसे आखिरी और बड़ा अवसर माना जा रहा है। पार्टी के भीतर चल रही इस खींचतान से साफ है कि आने वाले दिनों में मोर्चों की सूचियां जारी होने से पहले घमासान और तेज हो सकता है। पुराने कार्यकर्ताओं की अनदेखी और नए चेहरों को मिल रहे अवसरों के बीच संगठन का यह बदलाव आगामी राजनीतिक और चुनावी रणनीतियों के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है।



गोकुलपुरा में गणगौर द्वार का शिलान्यास करते उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय।

# गणगौर दरवाजा सांस्कृतिक विरासत की पहचान बनेगा

**आगरा, प्रमुख संवाददाता।** गोकुलपुरा क्षेत्र की प्राचीन धरोहर, गौरवशाली परंपरा और क्षेत्रीय पहचान के प्रतीक श्री गणगौर दरवाजा बनाने का ऐतिहासिक कार्य शुक्रवार को शुरू हो गया। इस ऐतिहासिक स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ भूमि पूजन संपन्न हुआ। उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने शिलान्यास किया।

आगरा विकास प्राधिकरण की पथकर निधि से 22.29 लाख रुपये की लागत से इस द्वार को बेहद आकर्षक और दिव्य रूप में तैयार किया जाएगा। भूमि पूजन के अवसर पर पूरे गोकुलपुरा क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखा गया। भूमि पूजन के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा श्री गणगौर दरवाजा केवल एक ढांचा नहीं, बल्कि हमारे क्षेत्र की प्राचीन धरोहर, अटूट आस्था और गौरवशाली परंपरा का जीवंत प्रतीक है। अपनी सांस्कृतिक पहचान और ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित व अक्षुण्ण रखना उत्तर प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। डॉ. आलौकिक उपाध्याय, संरक्षक दिनेश पंडित, दाऊ दयाल पंडित, महेश चंद, रमेश चंद्र, ललित शर्मा, मनीष वर्मा, राजेश प्रजापति, पार्षद बद्री प्रसाद माहौर, राजीव वर्मा, नरेश वर्मा रहे।



दयालबाग में शुक्रवार को प्रस्तुति देतीं सत्संगी। • हिन्दुस्तान

# दयालबाग में सेवा- सत्संग के साथ मना पावन भंडारा

**आगरा।** दयालबाग में राधास्वामी मत के आद्य प्रवर्तक, संस्थापक एवं प्रथम संत सतगुरु परम पुरुष पूरन धनी हुजूर स्वामी महाराज के जन्मदिवस/जन्माष्टमी पर शुक्रवार को उनका पावन भंडारा श्रद्धा, प्रेम, सेवा और आध्यात्मिक उल्लास से मना।

भंडारा दिवस पर सुबह व शाम दोनों शिफ्टों में फलबाग में निर्धारित कृषि कार्य एवं सेवा के साथ आरती व पावन भंडारा कार्यक्रम हुए। खेतों में पधारने के बाद गुरु महाराज प्रो.प्रेमसरन सत्संगी एवं रानी साहिबा ने परम पुरुष पूरन धनी हुजूर स्वामी महाराज तथा परम गुरु हुजूर डॉ.एमबी लाल के स्वरूपों के समक्ष माथा टेका। प्रथम पाठ में रानी साहिबा की भी सहभागिता रही। संत सुपरह्यूमन योजना के बच्चों द्वारा दो अत्यंत आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। सायंकाल पावन भंडारा में दो विशेष प्रस्तुतियां हुईं। देश-विदेश के सत्संगियों की उपस्थिति से पूरे क्षेत्र में श्रद्धा, उल्लास का वातावरण रहा।


विज्ञापन

**स्वास्थ्य** रीढ़ की हड्डी की दबी एवं ब्लॉक नसों को खोलने की क्षमता रखती है होम्योपैथी

मैडीकल साइंस में मानव शरीर की स्पाइनल कॉर्ड में 33 वट्रिब्रा एवं 31 जोड़े स्पाइनल नसें होती हैं, प्रत्येक दो वट्रिब्रा के मध्य एक डिस्क होती है जो मुलायम गद्दी की तरह होती है। कभी-कभी दुर्घटना होने, तेज झटका लगने, भारी वजन उठाने एवं गलत पोस्चर की वजह से डिस्क खिसक जाती है जिसे हम स्लिपडिस्क कहते है। इसी डिस्क खिसकने की वजह से नसें दब जाती है अथवा ब्लॉक हो जाती है।

पूरी रीढ़ की हड्डी मैं डिस्क कहीं भी खिसक सकती है वैसे मुख्यत: गर्दन की एवं कमर की ही ज्यादा स्लिप होती हैं। जहाँ की डिस्क स्लिप होगी उसी के अनुरुप मरीज को कष्ट होगा।

**स्पाइनल सर्जरी एक मंहगा इलाज है साथ ही सफलता की कोई गांरटी नहीं है।**

**वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डा. ए. के. अग्रवाल जो कि विश्व प्रसिद्ध अस्पताल अपोलो हॉस्पीटल से प्रशिक्षण प्राप्त हैं** का कहना हैं कि होम्योपैथी मैं अब ऐसी दवांए आ चुकी हैं जो स्पाइनल रोगों में शीघ्रता से आराम देती हैं तथा बीमारी को ठीक करती हैं।




**केस** 1 – मेरी कमर से लेकर नीचे तक दोनों टागें सुन्न रहती थी बिस्तर में करवट भी नहीं बदल पा रहा था तथा खड़ा भी नहीं हो पाता था काफी ईलाज कराया मगर कोई फायदा नहीं हुआ, लगता था अब सारी जिन्दगी बिस्तर पर ही रहना पड़ेगा तभी डा. ए. के. अग्रवाल के बारे मे सुना। लगभग 6 माह से इलाज चल रहा है तथा कमर में ताकत आ रही है एवं टागों का सुन्नपन भी कम हुआ है, आशा है कि ठीक हो जाऊँगा।

**केस** 2– मुझे दांयी ओर टांग में दर्द था, दर्द इतना तेज था कि मैं बिस्तर में करवट भी नहीं ले पा रहा था। चिकित्सक को दिखाया तो MRI में $L^2$-$L^3$, $L^3$-$L^4$, $L^4$-$L^5$ एवं $L^5$-$S^1$ पर डिस्क खिसकने की वजह से नस दब गयी थी। कोई भी दवा काम नहीं कर रही थी। तभी डा. ए. के. अग्रवाल के बारे में सुना और दिखाया आज मैं काफी ठीक हूँ।

**केस** 3– मुझे गर्दन में दर्द था जो कंधे, छाती तथा पूरे हाथ में होता था, सिर में दर्द तथा भारीपन रहता था। काम में मन नहीं लगता था। काफी दिखाया, सारी जांचे करा ली मगर कोई फायदा नहीं मिल पा रहा था, लग रहा था कि अब ठीक नहीं हो पाऊँगा तभी एक दिन डा. ए. के. अग्रवाल के बारे में सुना और उनको दिखाया आज मैं काफी अच्छा महसूस कर रहा हूँ।

**केस** 4–मेरे दायां कंधा जाम हो गया था, हाथ उपर नहीं उठ पा रहा था काफी दर्द रहता था कई महीने दवा के साथ फिजियोथेरेपी भी कराई मगर आराम नहीं मिला डा. ए. के. अग्रवाल की दवा से काफी आराम है तथा हाथ ऊपर जाने लगा है।



**डा. ए. के. अग्रवाल**

वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक

अपोलो हॉस्पिटल द्वारा प्रशिक्षित

ISO 9001:2015 प्रमाणित क्लीनिक

पता- निकट आत्माराम हीरो मोटरसाइकिल शोरूम, (होटल आशादीप से दो बिल्डिंग आगे) भगवान टाकीज चौराहा, आगरा।

**क्लीनिक समय**

**प्रातः 11 से 2**

**सायंः 5 से 8**

परामर्श के लिए सम्पर्क करें

**9897668342**



**SEA TV NETWORK LTD.**

Regd. Office: 148, MANAS NAGAR, SHAHGANJ, AGRA-282010
Tel: +91-562-4036666
Website: www.seatvnetwork.com
CIN: L61104UP2004PLC028650

**NOTICE OF 22 nd ANNUAL GENERAL MEETING AND E-VOTING INFORMATION**

NOTICE is hereby given that the 22 nd Annual General Meeting ("AGM") of the Members of Sea TV Network Limited (the "Company") will be held on Monday, September 28, 2026 at 10:00 A.M. (IST) through Video Conferencing ("VC") / Other Audio-Visual Means ("OAVM"), to transact the business as set out in the Notice of the AGM. In compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 ("Act"), the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("SEBI Listing Regulations"), and pursuant to the Ministry of Corporate Affairs, Government of India ("MCA") General Circular No. 03/2025 dated September 22, 2025, read with General Circular Nos. 20/2020 dated May 5, 2020, 02/2022 dated May 5, 2022, 10/2022 dated December 28, 2022, 09/2023 dated September 25, 2023 and 09/2024 dated September 19, 2024, and other applicable circulars issued in this regard ("MCA Circulars"), and the relevant circulars issued by the Securities and Exchange Board of India ("SEBI Circulars"), the AGM is being held through VC / OAVM without the physical presence of the Members at a common venue. Further, in accordance with Regulation 36(1)(b) of the SEBI Listing Regulations, a letter providing the web-link, including the exact path, for accessing the Integrated Annual Report for the Financial Year 2025-26 is being sent to those shareholder(s) whose e-mail addresses are not registered with the Company / Depository Participant(s). The Integrated Annual Report for the financial year ended March 31, 2026, along with the Explanatory Statement and Notice convening the 22 nd AGM, has been sent electronically to Members whose e-mail addresses are registered with the Company / Depositories. These documents are also available on the Company's website at www.seatvnetwork.com, on the websites of the Stock Exchange i.e., BSE Limited at www.bseindia.com, and respectively, and on the website of MUFG Intime India Private Limited ("MUFG"), Registrar and Share Transfer Agent ("RTA") of the Company at https://in.mpms.mufg.com.

**Remote e-Voting:**

In compliance with Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended, Secretarial Standard-2 on General Meetings issued by the Institute of Company Secretaries of India and Regulation 44 of the SEBI Listing Regulations, the Company is pleased to provide to its Members the facility of remote e-voting before the AGM and e- voting during the AGM in respect of the business to be transacted as mentioned in the Notice of the 22 nd AGM. For this purpose, the Company has appointed MUFG Intime India Private Limited ("MUFG") for facilitating voting through electronic means. Members are hereby informed that, in compliance with the provisions of Section 108 of the Act read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended from time to time, and Regulation 44 of the SEBI Listing Regulations, the Company is providing to the Members the facility to exercise their right to vote by electronic means, and the business may be transacted through remote e-voting and e-voting during the AGM provided by MUFG Intime India Private Limited ("MUFG"). The Company has appointed M/s. Sonia Rani & Associates, Practicing Company Secretary, as the Scrutinizer to scrutinize the e-voting process in a fair and transparent manner. The results of voting on the resolutions set out in the Notice of the AGM will be declared within 48 hours from the conclusion of the AGM.

**Members are requested to note the following:**

a. A person whose name is recorded in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the Depositories as on the cut-off date i.e., Monday, September 21, 2026, shall be entitled to avail the facility of remote e-voting as well as e-voting during the 22nd Annual General Meeting. The voting rights of Members shall be in proportion to the shares held by them in the paid-up equity share capital of the Company as on Monday, September 21, 2026 ("cut-off date").

b. The remote e-voting period commences on Friday, September 25, 2026, at 09:00 A.M. (IST) and will end on Sunday, September 27, 2026, at 05:00 P.M. (IST). During this period, shareholders of the Company may cast their vote electronically. The remote e-voting module shall be disabled by MUFG for voting thereafter.

c. The facility of e-voting shall also be made available during the Meeting and shall be disabled 15 minutes after the conclusion of the Meeting. Members attending the Meeting through VC / OAVM and who have not cast their votes on the resolutions through remote e-voting shall be eligible to vote through the e-voting system during the AGM. The instructions for attending the AGM through VC / OAVM are provided in the Notice of the 22nd AGM.

d. The Members who have cast their vote by remote e-voting prior to the Meeting may also attend the Meeting through VC / OAVM but shall not be entitled to cast their vote again. Once a shareholder has cast their vote on a resolution, they shall not be allowed to change it thereafter.

e. Detailed procedure for e-voting is provided in the Notice of the 22nd Annual General Meeting. Any person who becomes a member of the Company after dispatch of the Notice and holds shares of the Company as on the cut-off date i.e., Monday, September 21, 2026, may obtain the User ID and Password by sending an e-mail to enotices@in.mpms.mufg.com A person who is not a member as on the cut-off date should treat the Notice of the AGM for information purposes only.

f. In case you have any queries or issues regarding e-voting, you may refer to the Frequently Asked Questions and e-voting manual available at https://instavote.linkintime.co.in under the help section or write an e-mail to enotices@in.mpms.mufg.com or contact on: - Tel: 022 – 4918 6000.

Place: Agra
Date: 04th September, 2026

By Order of the Board of Directors
of SEA TV NETWORK LTD

Sd/-
AMAN KHANDELWAL
(Company Secretary & Compliance officer)